बरेली, रविवार
28 जनवरी 2018
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 5.00
पृष्ठ 24+4 =28

दैनिक जागरण

PAGE NO. 05 : MIDDLE

इंस्पायर इंटर्नशिप का आगाज

जासं, बरेली : एसआरएमएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की ओर से आयोजित इंस्पायर इंटर्नशिप प्रोग्राम का शुभारंभ संस्था सचिव आदित्य मूर्ति ने किया। उन्होंने कहा कि पांच दिवसीय इस कार्यक्रम में खूब सीखें। इसमें पर्यावरणविद डॉ. डीके सक्सेना ने छात्रों को पर्यावरण संरक्षण के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि धरती के1/32 भाग मानव के रहने के लायक है। इसे हरा-भरा बनाएं। डॉ. प्रभाकर गुप्ता ने वीडियो के जरिये गणित के मुश्किल सवाल हल करने का तरीका बताया। इस दौरान ट्रस्ट प्रशासक डॉ. सुभष मेहरा, डीन डॉ. प्रभाकर गुप्ता, अनुज कुमार, समन्वयक रतीश अग्रवाल, सचिन अग्रवाल आदि रहे।